**न्यायालय- वाणिज्यिक न्यायालय संख्या 01, मेरठ।**

निष्पादन वाद संख्या 430/2022 (पुराना नंबर- 15/2013)

मैसर्स कैलाश सिविल कंस्ट्रक्शन बनाम उ.प्र. राज्य और अन्य

**दिनांकः 09-09-2024**

वाद पुकारा गया। उभयपक्ष के विद्वान अधिवक्तागण उपस्थित हैं।

निर्णीतऋणीगण द्वारा अन्य तिथि प्रदान करने हेतु स्थगन प्रार्थना पत्र कागज संख्या 61घ इस आधार पर प्रस्तुत किया गया है कि इस न्यायालय के आदेश के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय में रिट याचिका नंबर (A227)-6032/2024 योजित की गई है जिसमें दिनांक 30-08-2024 निर्धारित थी जो किन्ही कारणों से न्यायालय में प्रस्तुत नहीं हो पायी है।

सुना एवं पत्रावली का अवलोकन किया।

पत्रावली के अवलोकन से यह विदित होता है कि दिनांक 06-08-2024 को निर्णीतऋणीगण द्वारा प्रस्तुत स्थगन प्रार्थना पत्र अन्तिम अवसर के साथ स्वीकार किया गया है एवं दिनांक 14-08-2024 को निर्णीतऋणीगण द्वारा प्रस्तुत स्थगन प्रार्थना पत्र इस शर्त के साथ स्वीकार किया गया है कि यदि अगली तिथि पर निर्णीतऋणीगण डिक्रीदार को अंकन 19,26,233/- रुपये एवं मध्यस्थ कार्यवाही का खर्च अंकन 88,750/- रुपये अदा करने हेतु धनराशि न्यायालय में जमा नहीं करते है तो इस निमित निर्णीतऋणीगण द्वारा प्रस्तुत कोई स्थगन प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा दिनांक 04-09-2024 को निर्णीतऋणीगण द्वारा प्रस्तुत स्थगन प्रार्थना पत्र को खारिज किया गया है, किन्तु आज निर्णीतऋणीगण द्वारा पुनः स्थगन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है।

डिक्रीदार के विद्वान अधिवक्ता द्वारा स्थगन प्रार्थना पत्र कागज संख्या 61घ पर "No Objection" का उल्लेख किया गया है।

अतः डिक्रीदार के विद्वान अधिवक्ता द्वारा स्थगन प्रार्थना पत्र कागज संख्या 61घ पर किये गये उक्त उल्लेख को ध्यान में रखते हुए निर्णीतऋणीगण द्वारा प्रस्तुत स्थगन प्रार्थना पत्र कागज संख्या 61घ को स्वीकार करते हुए निर्णीतऋणीगण को एक और अवसर प्रदान किया जाता है। यदि अगली तिथि पर निर्णीतऋणीगण डिक्रीदार को अंकन 19,26,233/- रुपये एवं मध्यस्थ कार्यवाही का खर्च अंकन 88,750/- रुपये अदा करने हेतु धनराशि न्यायालय में जमा नहीं करते है तो इस निमित निर्णीतऋणीगण द्वारा प्रस्तुत कोई स्थगन प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा मामले में विधिनुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। पत्रावली दिनांक 20-09-2024 को पेश हो।

पीठासीन अधिकारी
वाणिज्यिक न्यायालय सं० 1,
मेरठ।

Digitally signed by SATYA NAND UPADHYAY
Date: 2024.09.09 16:50:50 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court